COLLEGE OF ... BELGAUM

94470

21103

Reg. No. U15AT24C0005

# I Semester B.Com.(SEP) Degree Examination, December/January - 2024-25

## HINDI

कथा दर्पण (संक्षेपण,समानार्थी शब्द और विपरीतार्थक शब्द)

## PAPER-AECC

(Regular)

**Time : 3 Hours** **Maximum Marks : 80**

I. किन्ही दस प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए। (10×1=10)

1) प्रेमचन्द जी की तीन सौ कहानियाँ लिखी जो ........... में संकलित हैं।

अ) कर्मभूमि ब) सेवासदन क) मानसरोवर

2) यशपाल की कहानी का नाम क्या हैं?

अ) सद्‌गति ब) मुखौटा क) सच बोलनें की भूल

3) भीष्म साहनी के किस उपन्यास के लिए 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार मिला हैं?

अ) झरोखे ब) बसंती क) तमस

4) गजाधर बाबू किस कहानी का पात्र हैं?

अ) सद्‌गति ब) वापसी क) मीरा नाची

5) ममता कालिया जी का पहला उपन्यास कौनसा हैं?

अ) बेघर ब) नरक दर नरक क) दुक्खम-सुक्खम

6) 'मुखौटा' कहानी का श्रवण किस से शादी करना चाहता था?

अ) भावना देसाई ब) अपर्णा क) गिरीजा

7) हिन्दी में ...... के विकास में ओंमप्रकाश वाल्मीकि की महत्वपूर्ण भूमिका हैं।

अ) दलित साहित्य ब) बाल साहित्य क) प्रवासी साहित्य

8) 'पच्चीस चौका डेढ सौ' कहानी का प्रमुख पात्र ............. हैं।

अ) कंडक्टर ब) सुदीप क) फूलसिंह

9) 'ईटों का जंगल' कहानी में दलाल का नाम क्या हैं?

अ) नरेंन्द्र ब) छोटेलाल क) रोहिणी

10) मृदुला गर्ग जी को साहित्य अकादमी पुरस्कार किस कृति के लिए मिला।

अ) मिलजुल मन ब) अनित्य क) कठगुलाब

11) 'मीरा नाची' कहानी की लेखिका कौन हैं।

अ) ममता कालिया ब) मृदुला गर्ग क) महादेवी वर्मा

12) हिन्दी दिवस कब मनाया जाता हैं?

अ) 14 सितम्बर ब) 15 अगस्त क) 26 जनवरी

[P.T.O.

II. किन्हीं दो का संदर्भसहित व्याख्या कीजिए। (2×5=10)

1) "रखो,इसे तुम्ही रखो। शहर के लोगों से धोखे के सिवा और मिलेगा क्या?"
2) "खुशीवाले घर में वह नहीं कहते। हमारे में इसे बुरा मानते हैं।"
3) "हे भगवान मुझे हिम्मत दो" श्रवण मन ही मन, प्रार्थना प्रेषित करता हैं।
4) "काणे साहब, आप हमारे चीप प्रोमोटर हैं, कुछ करिए चार महिनों से काम बन्द हैं।"

III. किन्ही दो की टिप्पणी कीजिए। (2×5=10)

1) पं.घासीराम
2) हेतू
3) श्रवण
4) नरेन्द्र

IV. किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (3×10=30)

1) 'सद्गति' कहानी की समीक्षा कीजिए।
2) 'पच्चीस चौका डेढ सौ' में चित्रित समाजिक पहलू की व्याख्या कीजिए।
3) 'वापसी' कहानी की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए।
4) 'मुखौटा कहानी का सारांश लिखिए।
5) 'मीरा नाची' स्त्री–मन की कहानी हैं। चर्चा कीजिए।

V. उपर्युक्त शीर्षक के साथ संक्षेपण लिखिए। (1×10=10)

राष्टभाषा की आवश्यकता राष्ट्रीय सम्मान की दृष्टी से भी है। अपने को एक राष्ट्र के निवासी माननेवाले दो व्यक्ति किसी विदेशी भाषा में बात करें–यह हास्यास्पद, असंगत है। इस बात का द्योतक भी हैं कि उस देश में कोई समुन्नत राष्ट्रभाषा नहीं हैं। दूसरे के सामने हाथ पसारना समृध्दि का नहीं, दारिद्रता का चिह्न है। दूसरे की भाषा क्यों उधार लें? इससे राष्ट्रीय सम्मान में बट्टा लगता है। विदेशों में जाने पर भारतीय को अंग्रेजी में बात करते देखकर वहाँ के निवासी आश्चर्य से पूछ बैठते हैं कि क्या आपकी अपनी कोई भाषा नहीं हैं? इस प्रश्न का क्या उत्तर दिया जाए? भाषाएँ तो हमारे यहाँ अनेक हैं एक से बढकर एक,सुन्दर और समृध्द। हम हीन भावना के कारण उनको नहीं अपना पाते। अपनी साहित्यिक और भाषिक समृध्दि पर सन्देह बना रहता है।

VI. समानार्थी शब्द। (पर्यायवाची शब्द) लिखिए। (5×1=5)

अ) असुर
आ) इच्छा
इ) गृह
ई) दास
उ) नारी

VII. विपरीतार्थक शब्द (विलोम शब्द) लिखिए। (5×1=5)

अ) पंडित
आ) क्रय
इ) व्यर्थ
ई) भूषण
उ) आलोक